समाचार

# पुराने कोरबा शहर स्थित गीतांजलि भवन के सामने भी स्थापित की गई '' नेकी की दीवार ''

कोरबा 03 जनवरी 2020 –आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर पुराने कोरबा शहर स्थित गीतांजलि भवन के सामने भी '' नेकी की दीवार '' निगम द्वारा स्थापित की गई है, इसके पूर्व घंटाघर सियान सदन परिसर में नेकी की दीवार बनाई गई थी, जिसका संचालन निगम द्वारा सफलतापूर्वक कराया जा रहा है, जिन लोगों के पास जूता, चप्पल, कपड़े, खिलौने, पुस्तक, बर्तन या दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं अतिरिक्त हैं, वे इन नेकी की दीवारों में उन वस्तुओं को रख सकते हैं तथा जो जरूरतमंद हैं, जिनको इन वस्तुओं की जरूरत है, वे यहां से उन वस्तुओं को निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि एक अभिनव पहल के रूप में आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सियान सदन में '' नेकी की दीवार'' बनाई गई थी। इसकी दूसरी कड़ी में पुराने बस स्टैण्ड कोरबा स्थित गीतांजलि भवन के सामने एक और नेकी की दीवार निगम द्वारा स्थापित की गई है, कोई भी व्यक्ति जिनके पास दैनिक उपयोग की वस्तुएं अतिरिक्त हैं या ऐसे दानदाता जो जरूरतमंदों को सहयोग करना चाहते हैं, वे दैनिक उपयोग की इन वस्तुओं को इन नेकी की दीवार स्थल पर दे सकते हैं तथा ऐसे व्यक्ति जो जरूरतमंद हैं तथा उन्हें इन वस्तुओं की आवश्यकता है, वे बिना किसी शुल्क के इन्हे अपने उपयोग हेतु वहां से प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने कर्मचारियों के माध्यम से नेकी की दीवार में रखी गई वस्तुओं की देखभाल कराई जा रही है तथा इनका समुचित रूप से संचालन हों, यह भी सुनिश्चित किया गया है।

<u>जरूरतमंदों की सहायता, नेकी का कार्य</u>– आयुक्त श्री राहुल देव ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि वे उनके पास अतिरिक्त रूप से उपलब्ध दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे जूता, चप्पल, खिलौने, बर्तन, कपड़े, पुस्तक, कम्बल तथा अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं को इन नेकी की दीवारों में दें, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति उन वस्तुओं को अपने उपयोग हेतु प्राप्त कर सके। उन्होने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता एक पवित्र व नेकी का कार्य है, जरूरतमंदों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं सुगम रूप से प्राप्त हों, उन्हें सहायता मिले, इसे ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा नेकी की दीवारों की स्थापना कराई गई है, दानदाता नागरिकबंधु घर में पड़ी दैनिक उपयोग की अतिरिक्त वस्तुओं को यहां पर दे सकते है।